सेंट्रल रेलवे ट्रैकमेंटेनर यूनियन
रजि. नं.- ए.एल.सी. / कार्यासन-१७ -११९१
CRTU — CENTRAL RAILWAY TRACKMAINTAINER UNION — सबके हित में, हम है साथ में..!
CENTRAL RAILWAY TRACKMAINTAINER UNION
Regd. No.- A.L.C./Karyasan-17/11191)
Regd. Office : V.R.Malgi Foundation Trust, 1st Floor, 19 Vacharaj Lane, Matunga (C.Railway.), Mumbai-400019.
Mob.: 8108872496 / 9764800029
G.S. Ram Naresh Paswan • Email : crtu11191@gmail.com

Ref. No.: CRTU/GS/23/2022 Date: 09.05.2022

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, Divl Rly Manager Office, मध्य रेल C.R., CST MUMBAI, छ. शि. ट., मुंबई, 9/5

प्रति,
मा.मंडल रेल प्रबंधक,
मध्य रेल, मुंबई छ शि म ट।

महोदय,

विषय: <u>आंदोलनात्मक कार्यक्रम की सूचना।</u>

अत्यंत खेद के साथ यह विदित कराना चाहते हैं कि पत्रों द्वारा एवं आप सहित सभी संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर ट्रैक-मेंटेनरों की समस्यायों को अवगत कराने के पश्चात करीब एक वर्ष बीत जाने के बावजूद निराकरण के लिये कोई ठोस कदम प्रशासन द्वारा उठाया गया ऐसा उजागर नही हुआ है फलस्वरूप अन्य कोई विकल्प शेष न बचने से सेंट्रल रेल्वे ट्रैक-मेंटेनर यूनियन को मजबूरन निम्न जायज मांगों को हासिल करने के लिये आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है:

* ट्रैक-मेंटेनरों के लिये पदोन्नति के अवसर नगण्य होने से बहुतायत कर्मचारी उसी पद पर सेवानिवृत्त हो जाते हैं अतः उन्हें पदोन्नति के बेहतर मौका प्रदान करने के लिये अन्य विभागों के LDCE की चयन प्रक्रिया मे सम्मलित किया जाये ताकि वे ट्रैक-मेंटेनर के पद पर ही सेवानिवृत्त न हो जाये।

* परेल वर्कशॉप व भुसावल P.O.H. मे स्थानांतरण के लिये चयनित ट्रैक-मेंटेनरों को तुरंत रिलीव किया जाये तथा रेल्वे बोर्ड के आदेशानुसार हर वर्ष सभी विभागों मे १०% एवं ४०% के कोटे मे ट्रैक-मेंटेनरों को स्थानांतरित किया जाये।

* अन्य मंडलों के अनुरूप मुंबई मंडल मे भी ट्रैक-मेंटेनरों को इंजीनियरिंग (वर्क्स) के तकनीशियन के पदों पर पदोन्नति के अवसर प्रदान किया जाये।

* अन्य रेलों/मंडलों के लिये स्थानांतरण के मंजूर आवेदकों को तुरंत स्थानांतरित किया जाये।

Scanned with CamScanner

सेंट्रल रेलवे ट्रैकमेंटेनर यूनियन
रजि. नं.- ए.एल.सी. / कार्यासन-१७ -११११९१

CENTRAL RAILWAY TRACKMAINTAINER UNION
Regd. No.- A.L.C./Karyasan-17/11191)

Regd. Office : V.R.Malgi Foundation Trust, 1st Floor, 19 Vacharaj Lane, Matunga (C.Railway.), Mumbai-400019.
Mob.: 8108872496 / 9764800029

G.S. Ram Naresh Paswan
Email : crtu11191@gmail.com

Ref. No.:.................. Date:..................

- लम्बे अर्से से लंबित राष्ट्रीय छुट्टी भत्ता (National Holiday Allowance) का भुगतान अविलंब किया जाये तथा अन्य विभागों के जैसे ट्रैकमेंटेनर को भी राष्ट्रीय छुट्टी भत्ता प्रत्येक महीने भुगतान किया जाए।

- वर्षो से लंबित सीनियर और जूनियर क्लर्क पद्दोन्नति GDCE का प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाये।

- सभी गैंग-युनिटों के लिये बिजली, पानी व शौचालय की सुविधा सहित गैंग-हट का निर्माण किया जाये।

- सभी गेट-मैनों से आठ घंटे की ड्यूटी रोस्टर से काम लिया जाये तथा बिजली, पानी,शौचालय एवं सी सी टीवी की व्यवस्था सभी गेटों पर किया जाये।

- वर्ष मे दो बार सेफ्टी शूज,एक बार थ्री-एसपेक्ट टार्च,हैंड-ग्लोब्ज, टोपी,विंटर-जरसि, सुरक्षा परिधान व उपकरणों का निश्चित समयानुसार आबंटन सुनिश्चित किया जाये।

- सभी उप-मंडलों पर ट्रैक-मेंटेनरों की उच्च रिक्त पदों को तुरंत पदोन्नति द्वारा भरी जाये।

- ट्रैक-मेंटेनरों की सभी रिक्त पदों को सीधी भर्ती द्वारा अविलंब भरी जाये ताकि मौजूदा ट्रैक-मेंटेनरों पर असहनीय कार्य-बोझ न पड़े व उनके जरूरत पर उनकी छुट्टी मंजूर हो सके।

- ट्रैक-मेंटेनरों को आबंटित किये गये रेल आवासों की तुरंत आवश्यक मरम्मत की जाये ताकि आबंटित आवास रहने लायक हो जाये।

- P/WAY के आर्टिजन स्टाप (वेल्डर,फिटर) को Cader restructuring के नए ग्रेड के तहत प्रमोशन दिया जाए।

- ग्रेड पे के अनुसार काम आवंटित करें, तथा कर्मचारियों का गलत उपयोग बंद करें।

Scanned with CamScanner

आंदोलन के प्रथम चरण के रूप मे मुंबई मंडल के सभी ट्रैक-मेंटेनर अपने कार्य स्थल पर अपनी मांगों का काला बैच और कला पट्टी लगाकर दि.23.05.2022 से 29.05.2022 तक निषेध-सप्ताह मनायेंगे, *शांतिपूर्ण ढंग से विरोध सप्ताह के अवलोकन के बावजूद यदि कोई संतुष्ट निराकरण नहीं की जाती है, तो CRTU को आगे ट्रेड यूनियन कार्रवाई करने के लिए मजबूर किया जाएगा, जो कानून द्वारा ध्यान आकर्षित करने के लिए अनुमति दी गई है।*

कृपया इस पत्र को आंदोलन की सूचना समझी जाये।

धन्यवाद।

प्रार्थी

RPaswan
09.05.2022

(आर.एन.पासवान)

महामंत्री

Scanned with CamScanner